# University in News on 14 October 2020

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**


# बीएड : काउंसिलिंग में खाली रहीं सीटें तो सीधे दाखिले से भर सकेंगे

## 19 अक्तूबर से शुरू हो रही काउंसिलिंग, लविवि ने जारी किया विस्तृत कार्यक्रम

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लविवि द्वारा आयोजित बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2020 में दाखिले के लिए काउंसिलिंग 19 अक्तूबर से शुरू होगी। लविवि ने इसका विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। सीट खाली रहने की आशंका में अंतिम चरण में कॉलेजों को ये सीट सीधे दाखिले से भरने का मौका मिलेगा। चार चरण की काउंसिलिंग के बाद पूल काउंसिलिंग होगी। इसमें भी सीट खाली बचने पर सीधे दाखिले का मौका मिलेगा। कॉलेज सीट खाली रहने पर 24 से 27 नवंबर के बीच सीधे दाखिले से सीट भर सकेंगे।

प्रदेश भर के बीएड कॉलेजों की करीब दो लाख सीटों के लिए हुई प्रवेश परीक्षा में कुल 4,31,904 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इसमें से 3,57,701 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। बीएड प्रवेश परीक्षा 9 अगस्त को हुई थी। इसका रिजल्ट पांच सितंबर को जारी हुआ था।



बीएड काउंसिलिंग पहले 21 सितंबर से शुरू होनी थी, लेकिन काफी संस्थानों में स्नातक अंतिम वर्ष का रिजल्ट जारी न होने के कारण काउंसिलिंग की शुरुआत 19 अक्तूबर से हो रही है। काउंसिलिंग में इस बार ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत आर्थिक आधार पर गरीब सवर्णों को भी आरक्षण मिलेगा। हालांकि यह आरक्षण केवल सरकारी एवं अनुदानित महाविद्यालयों में ही रहेगा। निजी शिक्षण संस्थानों में जीरो फीस की सुविधा इस बार नहीं होगी।

- ***पहला चरण***- (1 से 50 हजार रैंक)
*पंजीकरण, फीस भुगतान*- 19 से 22 अक्तूबर तक
*विकल्प भरना*- 20 से 23 अक्तूबर तक
आवंटन- 24 अक्तूबर
*सीट कन्फर्मेशन फीस भुगतान*- 25 से 27 अक्तूबर
- ***दूसरा चरण***- ( 50,001 से 1,40,000 रैंक)
*पंजीकरण, फीस भुगतान*- 24 से 27 अक्तूबर तक
*विकल्प भरना*- 25 से 28 अक्तूबर तक
*आवंटन*- 29 अक्तूबर
*सीट कन्फर्मेशन फीस भुगतान*- 30 अक्तूबर से 1 नवंबर
- ***तीसरा चरण***- ( 1,40,001 से 2,40,000 रैंक)
*पंजीकरण, फीस भुगतान*- 29 अक्तूबर से 1 नवंबर तक
*विकल्प भरना*- 30 अक्तूबर से 2 नवंबर तक
*आवंटन*- 3 नवंबर
*सीट कन्फर्मेशन फीस भुगतान*- 4 नवंबर से 6 नवंबर
- ***चौथा चरण***- ( 2,40,001 से अंतिम रैंक तक)
*पंजीकरण, फीस भुगतान*- 3 नवंबर से 6 नवंबर तक
*विकल्प भरना*- 4 नवंबर से 7 नवंबर तक
*आवंटन*- 8 नवंबर
*सीट कन्फर्मेशन फीस भुगतान*- 9 नवंबर से 11 नवंबर
*डाटा रिकंसिलेशन*-12 नवंबर से 13 नवंबर
- ***पूल काउंसलिंग***
*पंजीकरण, फीस भुगतान*- 14 नवंबर से 17 नवंबर तक
*विकल्प भरना*- 14 नवंबर से 18 नवंबर तक
*आवंटन*- 19 नवंबर
*डाटा रिकंसिलेशन*-20 नवंबर से 23 नवंबर
*सीधे दाखिले से सीट भरना* - 24 नवंबर से 27 नवंबर

## लविवि में आज होगी सात विषयों की प्रवेश परीक्षा



लविवि में प्रवेश परीक्षा देते अभ्यर्थी।

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी प्रवेश परीक्षा के तहत बुधवार को सात पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए जोर आजमाइश होगी। विवि में मंगलवार को एमए क्रिमिनोलॉजी एंड क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन, एमए इकोनॉमिक्स, एमए एमआईएच, कंपोजिट हिस्ट्री, वेस्टर्न हिस्ट्री, एमएससी जियोलॉजी, बीपीएड, एमपीएड, एमए होम साइंस, एमएससी बॉटनी, प्लांट साइंस, माइक्रोबायोलॉजी, एमएससी फिजिक्स और रिन्यूबल एनर्जी की प्रवेश परीक्षा हुई।

बुधवार को सुबह 10:00 से 11:30 के बीच एमए एआईएच एंड आर्कियोलॉजी, एमए इंग्लिश, एमए यौगिक साइंस और एमएससी अप्लाइड जियोलॉजी की तथा दोपहर 2:00 से 3:30 के बीच एमए हिंदी, मास्टर्स सोशल वर्क और एमएससी बायोटेक्नोलॉजी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। इससे पहले मंगलवार को हुई प्रवेश परीक्षा में बीपीएड में 257 में 168, एमपीएड 227 में से 170, एमए क्रिमिनोलॉजी एंड क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन में 70 में 40, एमए इकोनॉमिक्स में 413 में 248, एमए हिस्ट्री में 248 में 173, एमएससी फिजिक्स में 473 में से 290, एमए होम साइंस में 60 में से 27 और एमएससी बॉटनीज प्लांट साइंस और माइक्रोबायोलॉजी की प्रवेश परीक्षा में 761 में से 442 अभ्यर्थी शामिल हुए।

## एलयू वीसी नई शिक्षा नीति की विशेषज्ञ समिति में शामिल

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को यूजीसी द्वारा नई शिक्षा नीति की कार्ययोजना तैयार करने के लिए गठित राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ समूह के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। अपनी स्थापना का सौवां साल मना रहे लविवि के लिए यह बड़ी उपलब्धि है।



लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अगस्त में प्रो. राय उन चुने हुए वक्ताओं में से एक थे जिन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत परिवर्तनकारी सुधारों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई पहली कॉन्क्लेव में शामिल होने का मौका मिला। कॉन्क्लेव वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई थी। इसमें देश भर के कुलपतियों, शिक्षाविदों, विद्वानों और अन्य प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया था। प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद लविवि कुलपति को राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर बोलने के लिए आमंत्रित किया गया था। प्रो. राय ने अंग्रेजी के शब्द लाइफ्स के माध्यम से नई शिक्षा नीति को संक्षेप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि एनईपी का मतलब- एल से-लाइफ कोचिंग, आई से शिक्षा का अंतरराष्ट्रीयकरण, एफ से फ्लेक्सिबिलिटी, ई से -एम्प्लॉयबिलिटी जेनरेशन' और एस से स्ट्रक्चरल चेंज इन एजुकेशन सिस्टम' है। प्रो. राय अब कार्यन्वयन समिति के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं देंगे।

## पीएचडी एंट्रेंस रिजल्ट अगले सप्ताह

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय अगले सप्ताह तक पीएचडी प्रवेश परीक्षा का फाइनल रिजल्ट घोषित कर देगा। इसके बाद फीस जमा होगी। सीट खाली बचने पर वेटिंग लिस्ट के अभ्यर्थियों को मौका मिलेगा।

**NBT PAGE 6**

# विशेषज्ञ समूह के सदस्य बने एलयू वीसी



प्रो. आलोक

■ एनबीटी,लखनऊः एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को यूजीसी ने एनईपी के कार्यान्वयन योजना तैयार करने के लिए गठित राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ समूह के सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। बता दें कि प्रो. राय ने अगस्त में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत परिवर्तनकारी सुधारों पर चर्चा करने के उद्देश्य से बुलाई गई पहली कॉन्क्लेव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में चर्चा की थी। प्रो. राय ने एक शब्द 'एलआईएफई' के माध्यम से नई शिक्षा नीति को संक्षेप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि एनईपी का मतलब 'एल-लाइफ कोचिंग', 'आई-इंडियन शिक्षा का अंतरराष्ट्रीयकरण', 'एफ-फ्लेक्सिबिलिटी', 'ई-एम्प्लॉयबिलिटी जेनरेशन' और 'एस-स्ट्रक्चरल चेंज इन एजुकेशन सिस्टम' है।

**JAGRAN CITY PAGE III**

# लखनऊ विवि कुलपति बने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की विशेषज्ञ समिति के सदस्य

लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के द्वारा 'लाइफ्स' शब्द के जरिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति का महत्व समझाने पर उन्हें ईनाम दिया गया। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की विशेषज्ञ समिति का उन्हें सदस्य नियुक्त कर दिया है। उन्होंने गत अगस्त में पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुए कॉन्क्लेव में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जरिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर व्याख्यान दिया था। कुलपति प्रो. राय को कॉन्क्लेव में पीएम के संबोधन के कुछ समय बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर बोलने का मौका दिया गया था। उन्होंने LIFES शब्द के जरिए शिक्षा नीति को परिभाषित किया। बताया, लाइफ्स का मतलब- लाइफ कोचिंग, शिक्षा का अंतरराष्ट्रीयकरण, फ्लेक्सिबिलिटी, एम्प्लॉयबिलिटी जेनरेशन, और स्ट्रक्चरल चेंज इन एजुकेशन सिस्टम है। इस पर उनकी सराहना हुई।

**i-NEXT PAGE 4**

# एलयू वीसी बने एनईपी के विशेष समूह के सदस्य

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (13 Oct):** एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय को यूजीसी ने एनईपी 2020 की कार्यान्वयन योजना तैयार करने के लिए गठित राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ समूह के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है. प्रो. राय ने एनईपी के छात्र केंद्रित दृष्टिकोण का स्वागत किया है.